# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल / 6033
दिनांक: 29.08.2024

सेवा में,

प्राचार्य
समस्त महाविद्यालय (बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम)
सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय :– बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम में अर्ह छात्रों की सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी0ए0एम0एस0 / बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष (2019 बैच) की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षाओ (2024) हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 30.08.2024 से जारी किये जा रहे है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं में अपने महाविद्यालय के सम्मलित होने हेतु अर्ह छात्रों की सत्रवार सूची विश्वविद्यालय को संकायाध्यक्ष आयुर्वेद के माध्यम से विलम्बतम 05 दिवसों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सूची उपलब्ध कराते हुये यह सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि चतुर्थ वर्ष (बैच 2019) मुख्य परीक्षा के उन्ही छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को उपलबध करायी जाये जिन्होने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाये उत्तीर्ण कर ली है। वही चतुर्थ वर्ष के परीक्षा फार्म भरने हेतु नियमानुसार अर्ह है। इसके अतिरिक्त पूरक परीक्षाओं में उन्ही छात्रो को सम्मिलित कराया जाये जो नियमानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हो।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूची संकायाध्यक्ष के माध्यम से विश्वविद्यालय को **विलम्बतम 05 दिवसों** के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में जिन महाविद्यालयों की सूची विश्वविद्यालय को प्राप्त नही होती है उक्त महाविद्यालयों की परीक्षायें कराया जाना सम्भव नही होगा।

भवदीय,

31/08/24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष–आयुर्वेद को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया महाविद्यालयों से प्राप्त सूची में अर्हता जॉचते हुये विश्वविद्यालय को अग्रसारित करने का कष्ट करें।

31/08

उप कुलसचिव (व्या0 परीक्षा)